प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 10.02.2025

मुख्य समाचारः–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ''परीक्षा पे चर्चा'' के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की।

- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल ग्यारह फरवरी को वोट डाले जाएंगे–मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा।

- स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में फर्जी दावा करने के मामले में प्रदेश के पन्द्रह अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त किया।

- छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र–एटीएस ने तीन संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर से किया गिरफ्तार।

परीक्षा पे चर्चा–01

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ''परीक्षा पे चर्चा'' के आठवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने समग्र विकास पर बल देते हुए शिक्षा के महत्व का उल्लेख किया। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता पर काबू पाने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों से बात की।

प्रधानमंत्री मोदी ने पोषण और आरोग्य के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाज और सब्जियां खाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नींद पोषण पर निर्भर है।

पोषण में शरीर की वेलनेस के लिए, फिटनेस के लिए, नींद का बहुत महत्व है और इन दिनों तो पूरा मेडिकल सांइस इस बात पर केन्द्रित हो रहा है कि जो पेशंट आता है, उसकी नींद कैसी है, कितने घंटे सोता है, ये सारे सवालों का बहुत गहराई से अध्ययन करना।

प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के दबाव से तनाव मुक्त होकर तैयारी करने और खुद को चुनौती देते रहने की सलाह दी।

परीक्षा पे चर्चा–02

इधर, छत्तीसगढ़ में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को स्कूली विद्यार्थी, पालकों और शिक्षकों ने सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों के साथ परीक्षा से तनाव से निपटने के तरीकों पर बातचीत कर सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और पढ़ाई को बोझ नहीं बल्कि एक रोचक प्रकिया मानने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को छात्रों के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम युवाओं और अभिभावकों को संबल देने वाली पहल है।

आज प्रदेश के अन्य जिलों में भी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, शासकीय और निजी स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण को लाइव माध्यम से सुना गया। इसी कड़ी में दुर्ग के पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को बच्चों ने सुना और अपने विचार साझा किए।

नगरीय निकाय चुनाव–मतदान–01

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल ग्यारह फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा।

राज्य के दस नगर निगमों, उनचास नगरपालिका परिषद और एक सौ चौदह नगर पंचायतों में कल वोट डाले जाएंगे। महापौर और अध्यक्ष के एक सौ बहत्तर पदों के लिए कुल नौ सौ सत्तर उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पार्षद के तीन हजार एक सौ सत्तर पद के लिए नौ हजार चार सौ बावन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका चुनावी भाग्य कल ईव्हीएम में कैद हो जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। आज मतदान दलों को सामग्री का वितरण कर रवाना किया गया।

कल होने वाले मतदान में चवालीस लाख नब्बे हजार तीन सौ साठ मतदाता वोट डाल सकेंगे। महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों से अधिक है। महिला मतदाता बाईस लाख इक्यासी हजार दो सौ छब्बीस और पुरूष मतदाता बाईस लाख आठ हजार छह सौ पच्चीस और तृतीय लिंग के मतदाता पांच सौ नौ हैं। कल होने वाले मतदान के लिए कुल पांच हजार नौ सौ संतावन केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से एक हजार पांच सौ इकतीस संवेदनशील और एक सौ बत्तीस अति संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं। कल भिलाई, भिलाई–चरौदा और रिसाली के तीन वार्डों में उपचुनाव भी होगा।

नगरीय निकाय चुनाव के तहत इस बार महापौर–अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईव्हीएम से मतदान किया जाएगा। मतदाताओं को दो बार बटन दबाकर अपने वोट देने होंगे। एक वोट महापौर या अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए होगा। वहीं, दूसरा वोट पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए होगा। महापौर–अध्यक्ष पद के लिए ईव्हीएम के सफेद लेवल में अपनी पंसद के अभ्यर्थी के नाम के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। इसके बाद पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। वहीं, पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल पर अपने पसंद के अभ्यर्थी के नाम के सामने खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी।

नगरीय निकाय चुनाव–मतदान–02

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के तहत मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान के लिए मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अट्ठारह वैकल्पिक पहचान पत्रों को मान्यता दी है। मतदाता इनमें से किसी भी एक पहचान पत्र को दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने सॉफ्टवेयर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को भी मतदान में पहचान पत्र के रूप में मान्य किया हैं। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता द्वारा डाउनलोड की जा सकती है। इसके लिए सीजीएसईसी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट में जाकर वोटर सर्च एंड प्रिंट अर्बन और वोटर सर्च एंड प्रिंट – रूरल नामवार सर्च करके अपने मतदान केन्द्र का विवरण देखकर पहचान पत्र प्रिंट किया जा सकता है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल ग्यारह फरवरी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे कल होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

स्वास्थ्य विभाग–पंजीयन निरस्त

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में फर्जी दावा करने के मामले में प्रदेश के पन्द्रह अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग ने रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के अट्ठाईस अस्पतालों का निरीक्षण किया था। जांच के बाद पन्द्रह अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया। जबकि चार अस्पतालों को छह माह के लिए, चार को तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। इसके अलावा पांच अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

माओवादी शिनाख्त/जवान श्रद्धांजलि

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में पुलिस और माओवादियों के साथ कल हुई मुठभेड़ में मारे गये पांच माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इन पांचों माओवादियों पर कुल पच्चीस लाख रूपए का इनाम घोषित था, जिनमें वेस्ट बस्तर डिवीजन में सक्रिय हुंगा कर्मा पर आठ लाख, प्लाटून कमाण्डर मंगु हेमला, सुभाष ओयाम और सन्न पर पांच–पांच लाख तथा नेशनल पार्क एरिया के पार्टी सदस्य रमेश पर दो लाख रूपए का इनाम घोषित था। बाकी बचे माओवादियों की पहचान की जा रही है।
गौरतलब है कि बीजापुर जिले में कल सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में ग्यारह महिला माओवादी सहित इकतीस माओवादी मारे गए थे। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के दो जवान भी शहीद हुए थे।

शहीद जवानों को आज बीजापुर जिला मुख्यालय के नये पुलिस लाइन में स्थित शहीद वाटिका में 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, सीआरपीएफ के डीजी, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदराज पी., पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव सहित पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद जवानों के शवों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

आरोपी–गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ एंटी टेररिज़्म स्क्वाड–एटीएस और महाराष्ट्र–एटीएस ने तीन संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये सभी फर्जी भारतीय नागरिकता के दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड और वोटर आईडी का इस्तेमाल कर रहे थे। ये सभी पिछले पांच वर्षों से रायपुर में रह रहे थे। मोहम्मद इस्माईल, शेख अकबर और शेख साजन को रायपुर से मुंबई जाते हुए गिरफ्तार किया गया। ये तीनों लोग इराक जाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि इन आरोपियों ने ये दस्तावेज स्थानीय ऑपरेटर मोहम्मद आरिफ की मदद से तैयार करवाए थे। यह ऑपरेटर फर्जी दस्तावेजों का रैकेट चला रहा था।

महाकुंभ–श्रद्धालु

प्रयागराज जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन नौ से चौदह फरवरी रात बारह बजे तक यात्री आवागमन के लिए बंद रहेगा।

वहीं, महाकुंभ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ रेलवे स्टेशनों प्रयागराज छिवकी, नैनी, प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी से नियमित और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।